**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया स्वागत



**मझगवां।** जन जन तक मोदी सरकार की गारंटी को पहुंचाते हुए,विकसित भारत संकल्प यात्रा विधानसभा चित्रकूट के ग्राम पंचायत बीरपुर पहुंची। यहां उपस्थित जनों को भाजपा सरकार ने विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी एवं लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किए। चित्रकूट के विकसित भारत संकल्प यात्रा को सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में आयोजित हुए कार्यक्रम लोकसभा सांसद गणेश सिंह,विधानसभा चित्रकूट के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,विधानसभा प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद द्विवेदी,शांतिभूषण पांडेय,वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह,शिवप्रसाद पाण्डेय,निरंजन जायसवाल,मंडल महामंत्री राजेश पाण्डेय,मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश पयासी,प्रेमलाल पांडेय,भगवानदीन यादव,भोला पयासी,एसडीम जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार तिवारी, सीईओ पुशांम, आदर्श त्रिपाठी, विरेन्द्र पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी विभिन्न विभागों के जिला तहसील एवं ब्लाक के अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित आदि उपस्थित रहे।

## सन्यास दीक्षा के बाद पहली बार होगा 108 कुंडीय लक्ष्मी महायज्ञ



**सतना।** प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल के रूप में जाने और पहचाने जाने वाले ललिताम्बा महाशक्तिपीठ रमपुरवा धाम उचेहरा में 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी महायज्ञ,108 श्रीमद् भागवत का मूल पाठ एवं चार वेद,18 पुराण का मूलपाठ भी आयोजित किया गया है जिसमें हजारों विद्वान शामिल होंगे। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता डॉ.श्याम सुंदर पाराशर की भागवत कथा भी आयोजित की गई है। जिसकी व्यापक रूप से तैयारी की जा रही हैं।

**विशाल गौशाला का संचालन भी विशाल गौशाला का संचालन**

महाराज श्री की सत्प्रेरणा के साथ ही गो उपासक के रूप में आचार्य जयराम जी महाराज जाने व पहचाने जा रहे हैं। उनके द्वारा हजारों गोवंश का संरक्षण व पालन पोषण ललितांबा गौतीर्थ में किया जा रहा है। इसके साथ ही बटुक ब्रह्मचारियों को संस्कृत की शिक्षा दीक्षा भी आश्रम में दी जाती है और सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार प्रसार के लिए पूरे देश में यहां से निकले हुए बटुक ब्रह्मचारी प्रचार प्रसार कर रहे हैं। कार्यक्रम 8 मार्च 2024 तक चलेगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तों का विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया है। 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी महायज्ञ की विशेष खासियत बतलाई जा रही है। जिसमें लकड़ी के स्थान पर गो काष्ट का उपयोग किया जाएगा और इसका कार्य गौशाला में तेजी से चल रहा है।

## रोचक प्रस्तुति रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित

**मैहर।** छात्र परिषद् संस्था विद्यार्थियों के बीच अपनी रोचक और आकर्षक प्रतियोगिताओं के लिए जानी जाती है। इनके द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में नगर की समस्त प्रतिष्ठित स्कूलों के विद्यार्थी बड़े ही उत्साह के साथ शामिल होते हैं। इन्हीं प्रतियोगिताओं में रोचक रंग भरो प्रतियोगिता भी है। जिसमे इस वर्ष नगर के प्रमुख विद्यालय मां शारदा देवी मंदिर पब्लिक स्कूल,गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल,महाकाल उच्च माध्यमिक विद्यालय,सांई विद्या मंदिर,सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुरुनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेहरू सेंचुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेंट्रल अकादमी हायर सेकेण्डरी स्कूल, ओएसिस पब्लिक स्कूल के लगभग दो हजार विद्यार्थी शामिल हुए और अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति में चित्रों को इस तरह से रंगा कि उसमे से सर्वश्रेष्ठ चित्र को चयनित करना आसान नहीं था।

## नगर निगम ने स्टेशन रोड से हटाई रुई की दुकानें, भारी विरोध... हंगामा

# अतिक्रमणकारियों की संपत्ति की गई जप्त







नगर निगमायुक्त के आदेश पर बुधवार को अतिक्रमण दस्ते ने स्टेशन रोड पर स्थित अवैधानिक रुई मंडी को हटाने की कार्यवाही की। अतिक्रमण दस्ता अधिकारी आरपी सिंह परमार के नेतृत्व में पहुंचे अमले ने पार्किंग में अवैध रूप से रजाई-गद्दा,तकिया की दुकानें खोलकर व्यवसाय करने वाले चार-पांच दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की हिदायत देकर उनकी दुकानें बंद करवायीं।

**सतना।**

नगर निगम की टीम को देखकर रुई मंडी के दुकानदारों में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गयी। कुछ दुकानदारों ने हाथठेले और ठेलियों में अपने तैयार रजाई-गद्दों को लोड कराकर घर भिजवा दिया। जबकि कुछ दुकानदार कार्यवाही का विरोध करते हुये वहीं डटे रह गये। जिनको नगर निगम के दस्ते ने सामान जब्त करने की चेतावनी देते हुये हटवाया। नगर निगम का दस्ता जब दूरसंचार कार्यालय के सामने रुई व रजाई-गद्दे की अवैध दुकानें चलाने वाले दुकानदारों को हटाने पहुंचा तो दुकानदारों ने तैयार किये गये रजाई,तकिये-गद्दे लोड करवाकर सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया और कार्यवाही तथा जब्ती के डर से भाग खड़े हुये। अतिक्रमण दस्ते द्वारा इनको पुनः उसी स्थान पर बैठकर व्यापार न करने की चेतावनी दी गयी। दस्ते ने दो रुई व्यापारियों के पास से एक-एक बोरी रुई जब्त कर ली,जो नगर निगम द्वारा जुर्माना किये जाने के बाद वापस लौटाई जायेगी। नगर निगम का दस्ता स्टेशन रोड से कंवरराम टाकीज,विश्वासराव सब्जी मंडी रोड होते हुये जयस्तंभ चौक एवं बाजार क्षेत्र के हटाये गये अतिक्रमणों का फालोअप करते हुये वापस लौटा।

### कई बार हटाई गई हुई मंडी

यहां पर काबिलेगौर बात यह है कि स्टेशन रोड सांईं पाव भाजी नामक दुकान के सामने लंबे समय से संचालित रुई की मंडी को कई बार हटाने की कार्यवाही की गई,मुकदमे भी लगाए गए इसके बाद भी रुई मंडी लगातार संचालित हो रही थी। यहां पर मंडी होने की वजह से पार्किंग व्यवस्था भी खराब रहती है। आपको बता दे की नगर निगम इसी लाइन पर आदर्श मार्केट बनाने जा रहा है लेकिन फिलहाल आदर्श मार्केट बनाने का काम प्रारंभ नहीं हो सका है।



# कबाड़ कारोबारियों के ठिकानों पर पुलिस का छापा

### घंटों चली सघन जांच पड़ताल

**सतना।** कबाड़ का कारोबार करने वाले कारोबारियों के ठिकानों पर कोलगवां पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत छापामार कार्रवाई की गई और इस दौरान सघन जांच पड़ताल भी की गई। दरअसल लंबे समय से शासकीय संपत्ति चोरी हो रही है सड़कों पर लगे डिवाइडर लोहे के एंगल गायब हो रहे हैं इसके अलावा अन्य सामग्री भी चोरी करके बेची जा रही है। चोरी रोकने के लिए पुलिस ने अभियान चला रखा है। बुधवार को कोलगवां थाना प्रभारी निरीक्षक सुदीप सोनी द्वारा हमराही स्टाफ के साथ क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कबाड कारोबारियों के अड्डों पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुये कबाड कारोबारी विपिन परौहा के आईटीआई बसोर बस्ती स्थित



कबाड गोदाम एवं शिवशरण परौहा के रीवा रोड स्थित कबाड गोदाम को चेक किया गया चेकिंग के दौरान कबाड गोदामों में संदिग्ध कबाड सामग्री नहीं पाई गई।

# ट्रक से डीजल चोरी करने वाला गिरफ्तार

## 24 घंटे के भीतर नागौद पुलिस ने की कार्यवाही

**सतना।**

खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने के एक मामले में नागौद पुलिस ने चोरी की घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को डीजल के साथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 3 जनवरी को फरियादी लल्लू कुशवाहा पिता रामकिशोर कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी मंडला जिला पन्ना का थाना आकर रिपोर्ट किया कि 31 दिसंबर को अपने ट्रक क्र. एमपी 19 एच ए 6505 को रात करीब 11 बजे नागौद -पन्ना रोड स्थित कल्लू ढाबा के पास नगर सेठ के पेट्रोल पम्प में खाली खड़ा कर अपने कण्डेक्टर सूरज कुशवाहा के साथ ट्रक में सो गया था। रात करीब 02.50 बजे ट्रक के सामने खड़ा ट्रक का चालक जोर-जोर से चिल्लाया तो उठकर अपने ट्रक के नीचे उतरा और देखा कि ट्रक का डीजल टैंक का ताला टूटा हुआ था।डीजल टैंक का ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें भरा लगभग 170 लीटर डीजल कीमती करीबन 17,000 रुपये का नही था। उसी समय एक सफेद रंग की बुलेरो पेट्रोल पम्प के पास से जाते हुए दिखी थी संदेह है कि इसी बुलेरो वाहन का चालक डीजल चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 002/24 धारा 379 ताहि का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आऱोपी एवं बुलोरो की सरगर्मी से पता तलास हेतु त्वरित टीम रवाना किया गया। पता तलास के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद कलर की बुलोरो अपने गाडी में 02 जरिकेन डीजल रखे हुये है जो विक्रय किये जाने हेतु ग्राहक की तलास कर रहा है। संदेही को हिरासत में लेकर पूछताँछ की गई जो उक्त घटना को कबूल करना बताया।आरोपी अजय प्रजापति पिता सदाशिव प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी करही पवई थाना सिविल लाईन जिला सतना (म.प्र.) के द्वारा घटना को करना कबूल करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। आरोपी के कब्जे से एक बुलोरो कीमती 4 लाख रुपये।123 लीटर डीजल कीमती 11,801 रुपये। वारदात में प्रयुक्त रिंच,पना,पिलास एवं हथौडा जप्त किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक अशोक पांडे,सहायक उप निरीक्षक रविशंकर शुक्ला,हेमराज सिंह,अजीत वर्मा,प्रआर.संदीप पाण्डेय, राहुल सिंह,निरंजन मेहरा, फुलेन्द्र दुबे,अर्पित सेन, अखिलेश्वर सिंह,वीर बहादुर सिंह, प्रआर.चा.धनेन्द्र दाहिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# सीमेंट फैक्ट्री का 43 करोड़ का टैक्स बकाया

## मैहर नगर पालिका ने दी नोटिस



**मैहर।**

मैहर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले केजेएस सीमेंट प्लान्ट का विगत 2015-16 से 2023 तक का संपत्ति कर बकाया है। जिसकी राशि बढ़कर लगभग 43 करोड़ हो चुकी है।मैहर नगर पालिका द्वारा केजेएस सीमेंट प्लांट दिनांक 22 दिसंबर को जावक क्र. 2030/नपा/राजस्व शाखा/2023 द्वारा नोटिस देकर 43 करोड 48 लाख 52 हजार पांच सौ इकतीस रुपये की मांग की गई है। उपरोक्त नोटिस जारी कर केजेएस सीमेंट प्लांट को 7 दिवस के भीतर मैहर नगर पालिका में संपर्क कर रकम जमा किये जाने की मांग की गई है। नगर पालिका के सूत्रों के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक केजेएस सीमेंट प्लांट की ओर से नगर पालिका में अब तक संपर्क नहीं किया गया है। मामले में नगर पालिका सीएमओ मैहर ने नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने की बात कही है।

### रकम जमा होने पर खत्म हो सकता है आर्थिक संकट

आर्थिक संकट से जूझ रही मैहर नगर पालिका को यदि केजेएस सीमेंट प्लांट की टैक्स की बकाया राशि 43 करोड़ जमा हो जाये तो मैहर नगर पालिका के दिन फिर सकतें हैं। तथा कर्मचारियों को तनख्वाह एवं ठेकेदारों तथा सप्लायर के बिलो का भुगतान हो सकता है।

### इनका कहना है

मैहर नगर पालिका द्वारा केजेएस को टैक्स की बकाया राशि जमा करने की नोटिस दी गयी है, जिसपर उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है,नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही जारी है।

**लालजी ताम्रकार**
**सीएमओ, मैहर**

# बेटियों के जन्मदिन पर कलेक्टर दंपति ने भेंट किये दो कम्प्यूटर और वाईफाई की सुविधा



**सतना।**

कलेक्टर अनुराग वर्मा की बेटियों रायसा और मायरा ने अपना जन्मदिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सशक्त वाहिनी द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रही बालिकाओं के बीच मनाया। बेटियों के जन्म दिवस के अवसर पर कलेक्टर दम्पत्ति ने प्रतियोगी बालिकाओं की सुविधा के लिए ई लाईब्रेरी के संचालन हेतु दो सेट कम्प्यूटर और वाई फाई की सुविधा भेंट की। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका को एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा में उनकी बेटी नेहा प्रजापति के आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयनित होने पर बधाई दी और सम्मानित किया।इस मौके पर श्रीमती नेहा चौधरी वर्मा,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती राधा मिश्रा,जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह,सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी,अमर सिंह भी उपस्थित रहे।

# बस-ट्रकों का परिचालन शुरू, लोगों को मिली राहत

**सतना।** बस, ट्रक और ऑटो चालकों की हड़ताल समाप्त होते ही सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई। वाहन चालकों की दो दिन चली हड़ताल सरकार और अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस की बातचीत के बाद समाप्त कर दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक वाहन चालकों की हड़ताल समाप्त होने के बाद शहर तथा ग्रामीण इलाकों से वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो गया। इससे यात्रियों की मुश्किलें दूर हुईं। ट्रकों का परिचालन शुरू होने से आवश्यक वस्तुओं की सेवा बेहतर हो जाएगी।

**बसों का 40 प्रतिशत संचालन शुरू-** शहर में बसों का करीब 40 प्रतिशत परिचालन प्रारंभ हो पाया है। हड़ताल प्रारंभ होने पर बसों के ज्यादातर चालक अपने गांव चले गए थे जिससे पूरी बसें नहीं चल पाईं। अब बस चालक वापस आ रहे हैं जिससे गुरुवार तक सभी बसें अपने अपने मार्गों पर चलने लगेंगी। हड़ताल की डर से ज्यादा यात्री बस स्टैण्ड नहीं पहुंचे लिहाजा कम बस होने का कोई विपरीत असर भी नहीं हुआ। गुरुवार तक सभी सभी चालक अपने अपने काम में पहुंच जाएंगे जिससे सभी रूटों की बसें चलने लगेंगी। इस हड़ताल में बस ऑपरेटर शामिल नहीं थे लिहाजा बसें यात्री परिवहन के लिए तैयार खड़ी थीं। सतना मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष मनोज शर्मा बताते हैं कि वाहन चालकों की हड़ताल समाप्त होने के बाद स्थानीय स्तर पर ट्रक चालक ट्रकों को लेकर अपने गंतव्य पर रवाना हो गए और सभी ट्रकों का परिचालन प्रारंभ कर दिया है।

**दौडने लगे ऑटो रिक्शा-** हिट एण्ड रन के नए कानून के विरोध में हड़ताल पर गए वाहन चालकों के साथ ऑटो चालकों ने भी ऑटो का परिवहन बंद कर दिया था। लेकिन हड़ताल समाप्त होने के बाद बुधवार की सुबह से ऑटो सड़कों पर दौडने लगे।

**पेट्रोल के लिए लाइन खत्म-** हड़ताल के दौरान पेट्रोल पंपों पर बढ़ी उपभोक्ताओं की भीड़ भी खत्म हो गई। उपभोक्ताओं को आसानी से डीजल पेट्रोल मिलने से पेट्रोल पंपों की लंबी लाइन नहीं लग रही है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## शासकीय महाविद्यालय पहुंचे थाना प्रभारी सुधीर बेगी



**पन्ना।** विद्यार्थियों को पुलिस की कार्य प्रणाली,साइबर अपराध महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी शासकीय स्नातक महाविद्यालय पवई पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों को वाहन चलाने संबंधी नियम एवं कानून के बारे में जानकारी दी,इसके साथ ही साइबर अपराध,महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की विषय में भी विद्यार्थियों को बताया, इसके अलावा सभी को जीवन में अनुशासन के महत्व को भी समझायाइस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के मिश्रा सहित स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रदेश के मुखिया की सोच शाजापुर कलेक्टर पर जो की गई उससे समूचे प्रदेश को दिशा दे रही

**पन्ना।** गरीब व जनता के लिये प्रदेश के मुखिया की सोच



संवेदनशीलता स्वमेव चर्चा में आ गई जहां गरीब आदमी के साथ या कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता उसके साथ सम्मान का व्यवहार सीएम चाहते है अब तानाशाही या अफसरशाही नहीं चलेगी यहां तो डॉ0 मोहन यादव का राज जहां त्वरित न्याय व कार्य प्रणाली दे रही सुशासन की पहल का संकेत प्रदेश में सरकार के मुखिया की सोच व कार्यप्रणाली से शासन की दिशा स्वमेव तय होने लगती है वहीं म.प्र. में डॉ0 मोहन यादव की सरकार है यहां किस तरह की दिशा तय होगी यह भी ताजा घटनाक्रम शाजापुर कलेक्टर के हटाये जाने का मामला स्वमेव चर्चा में है। जिस तरह से यहां संवेदनशीलता के साथ प्रदेश सरकार के मुखिया त्वरित निर्णय की दिशा तय कर रहे है इससे तानाशाही व अफसरशाही के हालात पर यह कार्यवाही स्वयं ही संकेत दे रही है म.प्र. में किस तरह से जवाबदेही सुनिश्चित होना चाहिये यहां म.प्र. के मुखिया ने स्वयं अपनी बात कहीं कि पद या काम कोई छोटा नहीं होता सम्मान का व्यवहार होना चाहिये सभी के साथ यहां मुझे बड़ा दुख हुआ वहीं जो दुख हुआ उसको कार्यवाही में व्यक्त भी कर दिया गया शाजापुर कलेक्टर को अंततः ड्राइवर के ऊपर आपा खोकर जो कार्य प्रणाली बेबाक अंदाज में की गई थी वह मंहगी पड़ गई। वहीं सीएम डॉ0 मोहन यादव ने जो यह दिशा तय की है इससे समूचे प्रदेश में सुशासन की पहल संवेदनशीलता के साथ जहां शासन की दिशा स्वमेव जनता के लिये सम्मान के साथ बात व्यवहार को लेकर जानी जायेगी। आखिर अब यह साबित होने लगा कि जनता का राज जनता के लिये बनाये जाने वाले लोकतंत्र में जिन्हें शासन की योजनाओं का कियान्वयन कराये जाने को लेकर जो जिम्मेदारी व्यवस्थापिका के द्वारा कार्यपालिका के जिम्मेदारों के लिये निहित की जाती है उसका पालन सुनिश्चित करना वहीं मर्यादा व संवेदनशीलता के साथ ही लोगों के साथ बाद व्यवहार भी कायम हो यहां यह साफ जाहिर होता है कि जब आम जनता से अच्छे से बात होगी तो निश्चित ही आम जनता का लगाव सरकार के प्रति या उनके जिम्मेदारों पर भरोसा भी कायम होगा। क्योंकि कार्यप्रणाली से ही यह जाना जाता है कि जैसा व्यवहार किया जाता है उसका परिणाम भी तय होता है। सरकार के मुखिया की यह कार्यवाही समूचे प्रदेश के कलेक्टरों के लिये तो एक संदेश तो है ही वहीं समस्त प्रशासन के लिये यह एक फार्मूला जाना जायेगा। अब कम से कम इससे शासन नहीं संवेदनशीलता की सोच से सुशासन की राह तय होगी।

## विधायक प्रहलाद लोधी सीधे बात को लेकर

# अलग अंदाज में, संकल्प यात्रा में दिखाये तेवर

**पात्र हितग्राहियों को अगर सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला वंचित रह गये तो जिम्मेदारों की खैर नहीं, कार्रवाई करवाउंगा विधायक पवई प्रहलाद लोधी**

जिले के पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी की दूसरी पारी सीधे जनता के लिये आर-पार के मूड में नजर आ रही है, विदित हो कि संकल्प यात्रा के दौरान जो अधिकारी/कर्मचारी नहीं पहुंच रहे वहां आपने सीधा कहा क्या इनके पिता का राज है, जनता का राज है

पन्ना।




जब प्रधानमंत्री के द्वारा बनाये हुये कार्यक्रम यानिकी आम जनता तक योजनाओं को पहुंचाने के लिये संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जब इस कार्यक्रम में नहीं आते तो कहां पहुंचेंगे यह नहीं चलेगा मैने पहले भी कहा है जो नहीं आते कार्यवाही करो नोटिस काटो जवाब लो साथ ही पात्र हितग्राही अगर योजनाओं से वंचित रह गये तो जिम्मेदारों के ऊपर कार्यवाही करवाउंगा। यह साफ संकेत है जनता के लिये आर-पार के मूड में विधायक अब जिम्मेदारों की खैर नहीं

जिले की पवई विधानसभा में संकल्प यात्रा को जमीनी क्रियान्वयन को लेकर तत्परता से आम जनता को लाभ सुनिश्चित हो इस दिशा में पवई विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रहलाद लोधी दूसरी पारी में जहां सीधे जनता के हित को लेकर अधिकारी/कर्मचारियों से आर-पार के मूड में यानिकी अब कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जा रही जनता के हित में विधायक ने संकल्प यात्रा में सिमरिया ग्राम पंचायत की सभा में जहां जो नहीं आये थे उनको लेकर सीधी नाराजगी व्यक्त की तीखे अंदाज में इतना तक कह गये कि इनके पिता जी का राज नहीं बल्कि जनता का राज है जनता यहां बैठी हुई है आखिर जब मैने कहा है जो नहीं आते उनपर कार्यवाही करें नोटिस काटो जवाब लो साथ ही सीधे तौर पर कहा कि पात्र हितग्राही अगर सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते है तो जिम्मेदारों की खैर नहीं कार्यवाही करवाउंगा। सूत्रों की मानें तो सभा स्थल से ही जिला कलेक्टर से भी वास्तविकता वप हकीकत को लेकर बयां किये हालात साथ ही जब जिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी नहीं आयेंगे तो संबंधित विभाग की योजनाओं का लाभ आम जनता तक कैसे पहुंचेगा। इस तरह से जहां खुले मंच से ही पवई विधायक अपने रोस में आ गये अब जनता को लेकर मैदान में ही संकल्प यात्रा के दौरान जो शासन की मंशा है उसके तहत हो काम आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यहां कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। पवई विधायक सीधे आर-पार के मूड में नजर आ रहे है प्रशासन के जिम्मेदारों को जनता के लिये जवाबदेही सुनिश्चित तय करनी होगी आखिरकार जब सांकल्प यात्रा में जिनकी ड्यिूटी लगती है क्यों नहीं आते यहां जनता उनका इंतजार करती है इस तरह से पवई विधायक अब अपने क्षेत्र में जनता के लिये समर्पित भावना से उन्हें लाभ दिलवाने को लेकर यानिकी शासकीय योजनाओं का लाभ जो पात्र हितग्राही है उन्हें मौके पर ही लाभ की दिशा सुनिश्चित हो सके। यहां जो जिम्मेदार नहीं पहुंचते आखिर इनकी कार्यप्रणाली भी आम जनता के सामने आ रही है इस तरह से जब जनता के साथ जनप्रतिनिधि का हांथ फिर कहां रह जायेगा अब लापरवाही के हालात अंततः पवई विधानसभा में जनता के लिये जनप्रतिनिधि के रूप में बखूबी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने को लेकर दूसरी पारी में विधायक प्रहलाद लोधी की कार्यप्रणाली तीचखे अंदाज में।

# यातायात पुलिस की अनोखी पहल, अब जान की सुरक्षा को लेकर डीजल पेट्रोल पम्प संचालकों से भी किया आग्रह





**जो सीट बेल्ट तथा हेलमेट लगाये हों उन्हें ही डीजल व पेट्रोल दें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये आम आदमी जागरूकता के साथ अपनी सुरक्षा की दिशा तय करें**

पन्ना।

सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे समय के साथ नियमों का पालन कराने को लेकर जहां जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी जहां पेट्रोल पम्प संचालकों को समझाइस दे रही थी आखिर जिंदगी अनमोल है इसकी सुरक्षा को लेकर हमारे जिले की पुलिस हमारी रक्षा के लिये जहां हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट लगाने के लिये कियान्वयन की दिशा में पालन कराये जाने को लेकर अब पेट्रोल-डीजन देने वाले पेट्रोल पम्प मालिकों से भी सहयोग के रूप में आग्रह की दिशा एक नई पहल के रूप में चर्चा में है।

असमायिक सड़क हादसे में जब जान गवां बैठते है या अपंग के हालात तय हो जाते है तब शायद आता है कि हेलमेट लगा होता तो इतनी चोट नहीं आती वहीं फोरव्हीलर वाहन में सीट बेल्ट लगा होता तो शायद बचाव होता जो नियम बनाये गये है यह हम आपकी जान की सुरक्षा को लेकर है। फिर भी पालन करवाने के लिये पुलिस की जरूरत आज पुलिस मुख्यालय भोपाल से लेकर जमीनी स्तर तक जानी जा रही है। यातायात थाना प्रभारी सुबेदार ज्योति दुबे जिनकी कार्यप्रणाली तत्परता व सोच को लेकर अपने दायित्वों को लेकर अक्सर जानी जाती है। इसी तरह की दास्तां जहां हर दोपहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाने की लिये प्रेरित करती नजर आ रही है वहीं पेट्रोल पम्प संचालकों से भी सहयोग के रूप में आग्रह किया कि जो दोपहिया वाहन चालक है हेलमेट लगाये हों या फोर व्हीलर वाहन के चालक है सीट बेल्ट लगाये हों ऐसे लोगों को डीजल व पेट्रोल दिया जाये तो शायद लोग अपनी सुरक्षा को लेकर स्वयं ही सजग होंगे। यह पहल जमीनी स्तर पर जानी जा रही है जन-जागरूकता सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जहां पुलिस मुख्यालय द्वारा जो चलाया जा रहा है पन्ना जिले के एस.पी. एस. सांई कृष्ण एस. थोटा तथा अपर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी व उनकी टीम बखूबी अपने कर्तव्यों को जहां आम जनता की जान की सुरक्षा को लेकर यह जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पेट्रोल पम्प संचालकों से जो आग्रह किया गया है उन्हीं को पेट्रोल व डीजल दें जो हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये हों इस तरह से अगर वास्तविकता में इस पहल का पालन जिले में होने लगेगा तो शायद असमायिक सड़क हादसों में लोगों की जान की सुरक्षा वहीं घायलों की बचाव की दिशा तय हो सकेगी। इस तरह के नेकी प्रयास को लेकर यातायात पुलिस पन्ना की सराहनीय पहल चर्चा में है।

## प्रभारी कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**पन्ना।** जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों सहित एकल व समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति व क्रियान्वयन की समीक्षा की। साथ ही शालाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही निरंतर मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित करें और कार्य की पूर्णता से संबंधित विशेष मुद्दों के निराकरण के संबंध में चर्चा कर अवगत कराएं। अधिकारियों को हर घर जल रिपोर्ट प्रमाणीकरण में आने वाली दिक्कतों को दूर कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी कलेक्टर द्वारा ईई पीएचई से एकल जल प्रदाय योजना वाले ग्रामों में कार्य की पूर्णता संबंधी जानकारी भी ली गई। जिले की विभिन्न शालाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों में योजना अंतर्गत जल



उपलब्धता की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। स्कूलों में बंद मोटर और जरूरी सुधार की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत शालाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र और स्वास्थ्य केन्द्रों में निर्माणाधीन कार्य की समीक्षा कर किसी भी स्थिति में बगैर सत्यापन के योजना को हैण्डओवर नहीं करने के लिए कहा। डीपीसी को नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर शाला परिसर में एक माह में कार्य की पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली कनेक्शन के उपरांत ही पेयजल कनेक्शन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ अधिक छात्र पंजीयन वाले स्कूल में कार्य की पूर्णता पहले सुनिश्चित कराएं। इस कार्य में स्कूल और पंजीकृत बच्चों के हिसाब से आवश्यक कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी। 375 स्कूलों में तकनीकी खराबी के कारण पेयजल सप्लाई एक बार भी शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई और आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। स्वयं के भवन वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी समय सीमा में योजना अंतर्गत सुचारू रूप से पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

# लायसेंसी बंदूक चोरी कर गांव में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार



पन्ना।

दिनांक 30/12/23 को फरियादी दादू राम लोध पिता श्री भागवली लोध उम्र 55 साल निवासी पंचमपुर ने थाना धरमपुर में रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम पंचमपुर में रहता हूँ खेती किसानी का काम करता हूँ। आज दोपहर ढाई बजे की बात है, मैं अपने घर के बाहर चबूतरा पर बैठा था। वहीं पर मैं अपनी 12 बोर की एक नली लायेसेन्सी बंदूक रखे था। बन्दूक के पोच में दो कारतूस थे। तभी मेरे गाँव का रामसखा कोरी आया और मेरे पास कुर्सी पर बैठ गया। हम दोनो लोग आपस में बातचीत करने लगे। तभी रामसखा मुझे बातो में उलझा कर धीरे से मेरी बंदूक उठाकर ले जाने लगा। उसको रोकने के प्रयास में मैं चबूतरे से गिर गया जिससे मुझे चोट आ गई। गाँव में दहशत फैलाने की नियत से रामसखा कोरी ने एक हवाई फायर किया। फायर की आवाज सुनकर मेरी लड़की उसके पीछे पीछे गई और उससे बोली कि हमारी बंदूक कहाँ लिये जा रहे हो, दे दो तो वह बोला तुम घर जाओ मुझे नहीं देना है और पहाड़ तरफ बंदूक लेकर भाग गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में आरोपी रामसखा के विरूद्ध अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी तत्काल थाना प्रभारी धरमपुर उनि रतिराम प्रजापति द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई। उक्त घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्णा एस. थोटा द्वारा उपरोक्त आरोपी की तलाश कर गिरफ्तारी के आदेश दिये गए। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व एसडीओपी अजयगढ़ श्री राजीव सिंह भदौरिय़ा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि रतिराम प्रजापति के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा संभावित स्थानो पर आरोपी की तलाश की गई साथ ही अपने मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया। गठित पुलिस टीम को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मामले में आरोपी रामसखा कोरी सुडेरी नाला रमजूपुर पंचमपुर हार मे छुपा बैठा है। पुलिस टीम द्वारा सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान पर घेराबंदी की जाकर आरोपी की तलाश की गई जो उक्त आरोपी मौके पर दस्तयाब हुआ। पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में पूंछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा जुर्म कबूल किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार घटना में चुराई गई बंदूक को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायाल पेश किया किया गया है।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उपनिरी रतिराम प्रजापति, सउनि एम एल कोल, सउनि कमल सिंह चंदेल, सउनि एचसी राठौर, सउनि रावेन्द्र सिंह ,प्रआर. अरुण सिंह, प्रआर मनोज द्विवेदी, रवि मिश्रा, आर. अजय पटेल, आर. वरुण प्रताप सिंह, आर. प्रभुदयाल, आर. निश्चल सिंह, आर. ब्रजेश का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

# टाउन हॉल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाया शिविर

## पूर्व मंत्री एवं विधायक ने वितरित किए हितलाभ, दिलाई शपथ





**पन्ना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के नगरीय क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आज पन्ना नगर के टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों से संकल्प यात्रा के दौरान शत प्रतिशत पात्र लोगों तक सुलभ तरीके से महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कहा। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह प्रयास किया जाए कि शिविर औपचारिक न होकर परिणाममूलक साबित हो। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा अपात्र व्यक्तियों को अपात्रता के कारण से भी अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमाणीकरण के साथ निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ही प्रत्येक योजनाओं में सेचुरेशन की उपलब्धि हासिल होगी।

सतानंद गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के संकल्प के साथ निश्चित ही देश विकसित और समृद्ध बन सकेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित लाभार्थियों के लिए मददगार होगी। सभी पात्र व वंचित व्यक्तियों को इस अवसर का लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने कहा कि संकल्प यात्रा परिवर्तन अभियान सिद्ध होगी। प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह बढ़िया माध्यम है।

विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थितजनों को विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। जिले के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी योगेन्द्र सिंह बुन्देला और तबला वादक वेदिका मिश्रा का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत सामाजिक व आर्थिक जीवन में आए बदलाव के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन और स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर ही कई हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रचार वैन के जरिए केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कलाकारों ने देशभक्ति गीत के जरिए आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित पार्षदगण, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय, एसडीएम अशोक अवस्थी और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार वर्मा ने किया।

**आज यहां पहुंचेगी यात्रा-** जिले में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत 4 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन नगर परिषद अजयगढ़ में होगा। यहां पुराना बस स्टैण्ड परिसर में कार्यक्रम उपरांत नगरीय क्षेत्र की संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के लिए रवाना हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आगामी 25 जनवरी तक निरंतर ग्राम पंचायत मुख्यालयों में कार्यक्रम होंगे। गुरूवार को ग्रामीण क्षेत्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़ला एवं ललार, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रामनई एवं जिगनी, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खलपुरा एवं पाली, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत विरासन एवं पड़रिया तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिमरीपौड़ी एवं नांदचांद में यात्रा का आगमन होगा।

## खबर संक्षेप

### जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

**भगवां।** भगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगवां- गोरखपुरा मार्ग के पास स्थित मखनपुरा गांव के पास जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक संदीप आदिवासी 22 वर्षीय निवासी जिला पन्ना अपनी बहिन के घर झिंगरी आया था। वह झिंगरी से भगवां की ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार जेसीबी द्वारा बाइक सवार संदीप आदिवासी को टक्कर मार दी गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उक्त जेसीबी इस समय भगवां अंचल के ग्रामों में पाइप लाइन का सुधार कार्य कर रही है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस थाना में सूचना दी सूचना मिलते ही भगवां थाना प्रभारी रामस्वरूप उपाध्याय अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा उपचार हेतु भेजा गया। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की जेसीबी का ड्राइवर मौके से घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। जेसीबी मशीन को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### 1 करोड़ रुपए वापिस मांगे तो मिली धमकी

**छतरपुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में छतरपुर के एक व्यापारी ने शिकायती आवेदन



देते हुए बताया कि छतरपुर के ही एक व्यक्ति ने उससे एक करोड़ रुपए लिए थे जो कि अब उसके द्वारा वापिस नहीं लौटाए जा रहे हैं। एसपी ऑफिस के साथ-साथ कोतवाली थाने में शिकायत कर व्यापारी ने अपने पैसे वापिस दिलाने की मांग रखी है। मैंदा के व्यापारी रामजी गुप्ता निवासी छतरपुर ने बताया कि वर्ष 2020 में नरेन्द्र तनय जीवनलाल चतुर्वेदी निवासी छतरपुर ने उससे एक करोड़ रुपए मांगे थे। हालांकि उस वक्त रामजी के पास पैसे नहीं थे और उसने देने से इंकार कर दिया था लेकिन नरेन्द्र चतुर्वेदी के आग्रह पर उसने बाजार के परिचित लोगों से पैसे लेकर नरेन्द्र को दिए। पैसे देते समय यह तय हुआ था कि 33 महीने में मय ब्याज के नरेन्द्र पूरे पैसे वापिस करेगा लेकिन अब जब पैसे लौटाने का वक्त आया तो नरेन्द्र पैसे देने से मुकर गया है। रामजी गुप्ता का कहना है कि उसने जिन लोगों से पैसे लेकर नरेन्द्र को दिए थे वे लोग उसके ऊपर दबाव बना रहे हैं, जिससे वह परेशान हैं। रामजी ने यह भी आरोप लगाया है कि बीते रोज जब उसने नरेन्द्र से पैसे लौटाने के लिए कहा तो नरेन्द्र ने उसके साथ हाथापाई की और कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। रामजी ने कोतवाली थाने के साथ-साथ एसपी को आवेदन देकर नरेन्द्र से पैसे दिलाने और उस पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट



**छतरपुर।** बुधवार की दोपहर में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर पर एक युवक के साथ करीब आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर दी। मामला पुरानी रंजिश का बताया गया है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है। वहीं दूसरी ओर घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल युवक खालिक खान निवासी रानीतलैया वार्ड नंबर 26 छतरपुर ने बताया कि वह बस स्टैंड पर स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए गया तभी वहां आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाला तारिक, इंतियाज, मेहफुज, मकबूल और शनी पहुंचा और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। खालिक के मुताबिक उक्त लोगों ने मिलकर उसके साथ लोहे की किसी धातु से मारपीट की है। उसके सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद खालिक ने कोतवाली थाने जाकर रिपोर्ट लिखाई।

# सुबह से बारिश होने से दिन भर रहा मौसम ठंडा

## दिन का अधिकतम पारा 16.5 डिग्री हुआ दर्ज

**ठंड ने अपने चिरपरिचित अंदाज में नौगांव में अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते क्षेत्र में ठंड अपने सबाब पर है। तो वहीं पिछले दो तीन दिनों से छाए बादल पश्चिमी विभोक्ष के चलते बारिश होने से मौसम और ठंडा हो गया।**

नौगांव।

दो दिन से छाए बादल मंगलवार बुधवार की रात बरसे तो वहीं बुधवार की सुबह लगभग एक घंटे से ज्यादा बारिश रिकार्ड दर्ज हुई। आसमान से हुई वर्षा किसानों के लिये अमृत साबित हुई। बूंदाबांदी होने से किसानों के चेहरे खिल गए तो वहीं बारिश से गेंहू, चना मटर, सरसों सहित अन्य फसलों को फायदा हुआ है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने किसानों के लिये एडवाइजरी भी जारी की है। बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। पश्चिमी विभोक्ष और पूर्वी-पश्चिमी हवाओं के असर के चलते दिन का तापमान 16.5 डिग्री दर्ज हुआ। जिसके चलते आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने वाला है।



नए साल के शुरुआती दौर से ही ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाकर कड़ाके की ठंड ने दस्तक दी है। जिस कारण ठंड के बढ़ते सितम से लोग कांपते रहे। पिछले दो तीन दिनों से छाए बादलों के चलते न्यूनतम तापमान स्थिर हो गया था। लेकिन मंगलवार बुधवार की रात मौसम ने एक बार फिर करवट ली और देर रात क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई। इतना ही नहीं क्षेत्र में सुबह के समय भी एक बार फिर मौसम मेहरबान हुआ और एक बार फिर से एक घंटे से ज्यादा के आसपास बारिश रिकार्ड की गई।

**बारिश के बाद फॉग यानि कोहरा भी छाया रहा।**

मंगलवार रात का न्यूनतम तापमान 12डिग्री रहा। जबकि इससे पहले सोमवार की रात का तापमान 11.8 डिग्री दर्ज किया था। तो वहीं बारिश के बाद ठंड के बीच बुधवार दिन का तापमान 16.5 डिग्री रहा तो वहीं मंगलवार दिन का तापमान 16.4 डिग्री दर्ज हुआ था। दो दिन से आसमान पर छाए बादलों को देख किसानों को भी बारिश होने की उम्मीद जागी। किसानों की जागी उम्मीदों पर इंद्रदेव मेहरबान हुए औऱ मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात बादलों से अमृत रूपी बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार की सुबह एक बार फिर से बारिश हुई। बारिश से गेंहू,ज्वार, मटर, चना,जैसी फसलों को अमृत समान वृद्धि का जीवनदान मिला। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से लेकर बुधवार तक कुल 3 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। बारिश होने से नौगांव का मौसम शिमला जैसा बन गया है। शहर में दोपहर 12 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। स्थिति यह रही कि 200 मीटर दूर देखना मुश्किल हो रहा था। बारिश के बाद सर्द हवाएं चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। इससे पूरा शहर ठिठुर गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले 3 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। नए साल के तीसरे दिन भी क्षेत्र का मौसम बदला हुआ है। सुबह 8 बजे तक इतना घना कोहरा था कि 50 मीटर दूर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 11 बजे तक कोहरा हल्का छंटा, लेकिन इसकी विजिबिलिटी 200 मीटर के आसपास ही रही। शाम तक ऐसा ही मौसम रहा।

## स्वयंसेवक और भाजपा के पदाधिकारी कर रहे शहर भ्रमण

# अक्षत देकर राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का दिया जा रहा न्यौता



छतरपुर।

22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूदे देश में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के कार्यकर्ता, भाजपा के पदाधिकारी और रामभक्त छतरपुर में शहर भ्रमण करते हुए लोगों को अक्षत देकर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता दे रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को हनुमान टौरिया मंदिर के पीछे पठापुर रोड पर लोगों के घर-घर जाकर पत्रिका, रामलला का पत्रक, चित्र और अक्षत देकर समारोह में आमंत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी रामजानकी मंदिर में किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री जयराम चतुर्वेदी, जवाहर लाल तिवारी, विनोद रावत, मणिकांत सिंह, राजेश, काजू दुबे, दिनेश यादव, मोनू नायक, वेदप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आरएसएस के स्वयंसेवक और रामभक्त मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद द्वारा 68वें मेला महोत्सव के तहत मेला

## एसडीएम ने मेले में दुकानदारों से बात कर व्यवस्थाएं एवं होने वाली परेशानी को जाना

नौगांव।

शहर के एक्सीलेंस स्कूल खेल मैदान पर मंगलवार को उद्घाटित मेले का एसडीएम विशा माधवानी ने मेला पहुंचकर भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान एसडीएम माधवानी ने मेले में दुकान लगाए दुकानदारों से बात करके नपा द्वारा मिल रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को जाना, साथ ही दुकानदारों को मेले में हो रही समस्याओं को भी समझा।

नगर पालिका द्वारा आयोजित किए जा रहे 68 वें मेला महोत्सव के तहत मंगलवार को मेले के उद्घाटन के बाद जनता को समर्पित हो गया। मेले में बाहर से आए दुकानदारों के द्वारा दुकान लगाकर अपना व्यापार किया जाता है तो वहीं शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण रहवासी भी मेले में आकर खरीददारी करते हैं। यह मेला मकर संक्रांति के एक दिन पहले तक चलता है, नगर पालिका द्वारा आयोजित मेले में बाहर से आने दुकानदारों को दुकान आवंटित के बदले कुछ राशि का शुल्क लेकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी तारतम्य में एसडीएम विशा माधवानी ने मेले के उद्घाटन के बाद मेला पहुंचकर मेले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान एसडीएम विशा माधवानी ने दुकानदारों से बात की, बात करते हुए उन्होंने नपा की ओर से दुकानदारों को मिलने वाली व्यवस्थाएं कैसी हैं उसके बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल पर पेयजल, रोशनी आदि को परखा। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। वहीं ठंड को देखते हुए एसडीएम ने लोगों से अपील की है कि, घर से निकलते समय कवर होकर निकले, खाते पीते समय साफ सफाई का ध्यान रखें, साथ ही उन्होंने कहा कि हर जगह के मेले, एक जैसे ही होते हैं, लेकिन यहां के लोगों का उत्साह देखते हुए, मैं बड़ी खुश हूं कि मैं इस मेले का हिस्सा बन सकी



# राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रुप में मनाई गई सावित्री बाई फूले जयंती

## ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह

छतरपुर।

3 जनवरी राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शहर के ऑडिटोरियम में सावित्रीबाई फूले जयंती मनाई गयी। जयंती पर मूवमेंट 21 समिति द्वारा अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 3 शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं सभी को शपथ दिलाई गयी। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम समाप्ति के बाद मूवमेंट 21 के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल पर सफाई की और पूर्व से बेहतर और स्वच्छ किया।

आयोजन समिति मूवमेंट 21 सदस्यों द्वारा बताया गया कि सावित्रीबाई फूले द्वारा वर्ष 1848 में महिलाओं और वंचित समुदायों के बच्चों के लिए भारत की पहली पाठशाला प्रारम्भ की गयी और वे भारत की पहली महिला शिक्षक बनी। इस प्रकार उन्होंने हमारे देश की सभी महिलाओं और बहुसंख्यक वंचित लोगों के लिए शिक्षा के द्वार खोले जिनके लिए हजारों वर्षों से शिक्षा प्रतिबंधित थी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके इस अतुलनीय योगदान ले लिए, उनके जन्म दिवस 3 जनवरी को हमारे देश में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जाता है। सावित्रीबाई पहले स्वयं शिक्षित हुयी और फिर उनके पति जोतिबाफूले के साथ मिलकर उन्होंने महिलाओं और वंचितों के लिए अनेक शालाएं खोली। इसके लिए उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। असमानता पर आधारित समाज से उन्हें अनेक प्रताडऩाएं और अपमान सहना पड़ा पर वे रुकी नहीं और शिक्षा का कार्य निरंतर जारी रखा। सावित्रीबाई बाई एक कवयित्री थी और महिला-पुरुष समानता की प्रणेता थी। मूवमेंट 21 द्वारा 3 जनवरी को प्रति वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाता है और सभी को गुणवत्ता पूर्ण समान शिक्षा प्राप्त हो इस दिशा में निरंतर कार्य करता है।



शहर के ऑडिटोरियम में मूवमेंट 21की छतरपुर इकाई द्वारा उत्साहपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया गया। मूवमेंट 21 के अनेक सदस्य, उनके परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में आमजन इस उत्सव का हिस्सा बने। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें गायन, नृत्य, लघु नाटिका, क्विज, आदि शामिल थे। सावित्रीबाइ फुले के कार्यों को याद किया गया और उनके अतुल्य योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक प्रोफेसर के.बी. अहिरवार, प्रोफेसर एनके पटेल एवं अध्यापक एच.एल. अहिरवार और अन्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि गानों के माध्यम से सावित्रीबाई फुले के कार्यों के साथ साथ शिक्षा के महत्व, सामाजिक और लैंगिक समानता, सामाजिक सौहार्द और पर्यवरण के संरक्षण की सीख दी गयी।



# स्वर्गीय ओमप्रकाश तिवारी निर्भीक पत्रकारिता के प्रहरी थे

### गांधी आश्रम में पत्रकारों ने अपने साथी को किया याद, श्रद्धा सुमन किए अर्पित

छतरपुर।

एनडीटीवी के पत्रकार रहे स्वर्गीय ओमप्रकाश तिवारी की 11वीं पुण्यतिथि पर पत्रकार साथियों ने उन्हें याद करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पत्रकारों ने अपने विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय श्री तिवारी निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते रहे हैं। यदि उन्हें निर्भीक पत्रकारिता का प्रहरी कहा जाए तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। पत्रकार साथियों ने पत्रकार चौक में दीप जलाकर भी स्वर्गीय श्री तिवारी को श्रद्धांजलि दी।

स्थानीय गांधी आश्रम में पत्रकारों ने स्वर्गीय ओमप्रकाश तिवारी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन और पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य को याद किया। पत्रकारों ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि जिस समय संसाधनों का अभाव था उस दौरान स्वर्गीय श्री तिवारी ने अपने कठिन परिश्रम और पत्रकारिता के लिए समर्पित भाव के साथ काम किया, परिणाम स्वरूप उनका जिले की पत्रकारिता में एक प्रमुख स्थान बना। इस मौके पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें बस स्टैंड पर स्थित पत्रकार चौक को संवारने, जिला मुख्यालय में प्रेस क्लब के लिए स्थान चयन करने तथा प्रेस क्लब को फिर से सक्रिय करने जैसे बिंदु शामिल हैं। स्वर्गीय श्री तिवारी के छोटे भाई अरविंद तिवारी ने उपस्थित पत्रकार साथियों का अपनी ओर से आभार व्यक्त किया। दिवंगत पत्रकार साथियों के नाम पर वरिष्ठ पत्रकारों, साहित्यकारों आदि को सम्मानित करने पर भी विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता राकेश शुक्ला, सुरेंद्र अग्रवाल, हरि अग्रवाल, अजय दोसाज, अशोक नायडू , डॉ रविंद्र अरजरिया, संतोष गंगेले, केशव शर्मा, जितेंद्र रिछारिया, राजेंद्र शर्मा, डॉ नारायण सिंह परमार, कमल अवस्थी, दिलीप सोनी, राधेश्याम सोनी, उन्नत पचौरी, शंकर लाल सोनी, समाजसेविका दमयंती पाणी, वसीम खान, रशीद खान, भरत शर्मा आशीष अवस्थी, आनंद शंकर शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कनेक्टिविटी समस्या को हल कराने की उठी मांग



### ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ने सांसद को पत्र भेजकर की प्रेसवार्ता

खजुराहो।

पर्यटन नगरी खजुराहो में व्याप्त कनेक्टिविटी समस्या को संबंध में बुधवार को ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन द्वारा खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा को पत्र प्रेषित कर इसका समाधान कराने की मांग की है। पत्र प्रेषित करने के बाद ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन द्वार एक पत्रकारवार्ता का आयोजन कर इस विषय पर अपने विचार मीडिया के सामने रखे गए। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के सचिव मनोज अवस्थी ने बताया कि सांसद विष्णुदत्त शर्मा के विशेष प्रयासों से दिल्ली- बनारस- खजुराहो इंडिगो फ्लाइट का संचालन अच्छी तरह से हो रहा था लेकिन अब 18 जनवरी से फ्लाइट बंद होने जा रही है, जिसको लेकर ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के सदस्य व टूरिस्ट ट्रेड से जुड़े हुए लोग निराश हैं। उनका मानना है कि अगर फ्लाइट बंद होती है तो यहां का पर्यटन व्यवसाय प्रभावित होगा। एसोसिएशन ने सांसद से मांग की है कि खजुराहो के पर्यटन को बढ़ाने के लिए न सिर्फ यह फ्लाइट संचालित होने की आवश्यकता है, बल्कि कुछ और फ्लाइट्स एवं वंदे भारत जैसी फास्ट ट्रेन खजुराहो से बनारस के लिए मिलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चलाया गया विशेष स्वच्छता श्रमदान"



**रीवा ।** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत आज विशेष स्वच्छता श्रमदान की गतिविधि का आयोजन ऋतुराज पार्क, विवेकानंद पार्क के साथ ही टूरिस्ट एरिया वेंकट भवन, किला परिषर में आईईसी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगो को एकत्रित कर श्रमदान का कार्य किया गया साथ ही स्वच्छता के विषय में लोगो को जागरुक किया गया एवं स्वच्छता की सपथ दिलाई गई। अपने शहर को साफ-स्वच्छ बनाए रखने में जनभागी दारी निभाएं जाने हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई।

### सम्पत्ति कर की मूल राशि पर 4 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं

**रीवा।** वित्तीय वर्ष 2023-2024 का सम्पत्ति कर जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट मूल सम्पत्ति कर पर दी जा रही है। नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2023-2024 का सम्पत्तिकर अभी जमा नहीं किए हैं, वह मूल सम्पत्ति कर पर 4 प्रतिशत छूट का लाभ लेवें। साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्हे स्वयं के निवास करने पर 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जाती है, वह भी शीघ्र जमा करें, अन्यथा वित्तीय वर्ष समाप्ति पर मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट से वंचित हो जावेंगे। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने रीवा शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह अपने भवन/भूमि का सम्पत्तिकर जमा कर दी जा रही छूट का लाभ उठावें और नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

### लीज नवीनीकरण करायें प्रशमन प्रभार व अर्थदण्ड से बचें

**रीवा ।** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम काम्पलेक्स, तानसेन काम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 31 मार्च 1994 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने अनुरोध किया है कि उक्त आवासीय एवं व्यवसायिक योजनाओं के हितग्राही लीज नवीनीकरण हेतु नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करावें और प्रशमन प्रभार, शास्ति एवं अन्य अर्थदण्ड से बचें।

### आभार यात्रा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को रीवा में आयोजित आभार यात्रा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आमसभा को संबोधित करने के साथ समीक्षा बैठक में सभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के दौरे के विभिन्न कार्यक्रमों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यपालिक दण्डाधिकारी तैनात किए हैं। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को कानून और व्यवस्था के लिए संपूर्ण रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। उनके अधीन सभी अधिकारी तैनात रहेंगे।

# फर्जी टेस्टिंग लैब पर लोक निर्माण विभाग मेहरबान

## एफआईआर दर्ज करवाने के बजाय कर रहा उपकृत

**लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा से सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र को जिस पर ठगी का एफआईआर दर्ज करवा कर सलाखों के पीछे करवाना चाहिये, उस मेहबानी बरसाई जा रही है।**

रीवा !




जांच में यह सिद्ध हो गया कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब की दीवार कूट रचित दस्तावेजों से खड़ी की है। ऐसी फर्जी कंपनी पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि विभाग के अंदर बनने वाले बिल्डिंग सहित अन्य निर्माण कार्य का आंकलन सही होगा? विभागीय सूत्र बताते है कि बीते एक माह से अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब का डायरेक्टर तालाब से निकली मच्छली की तरह फडफ़ड़ा रहा है। कार्यपालन यंत्री तक की उसकी दौड़ तो निरर्थक निकली लेकिन मुख्य अभियंता की सीढ़ी चढऩा उसका सार्थक दिख रहा है। विभागीय सूत्र तो यहां तक भी कहते है कि आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी। एक न एक दिन तो उसके गुनाहों की सजा मिलनी तय है। फिलहाल अभी उसकी किस्मत के दरवाजे खुले है तभी तो लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारी उस पर कृपा बरसा रहे है, कृपा क्यों बरसा रहे है यह तो शोध का विषय है। बताते चले कि प्रदेश सरकार के कई विभाग जैसे पीडब्लूडी, शिक्षा विभाग, ट्राइबल विभागों में तकनीकी अमला नहीं होता। शासन ने उसकी पूर्ति के लिए लोक निर्माण विभाग (भ/स) के मुख्य अभियंता को पूरे जोन में इस तरह के काम हेतु एक तकनीकी एक्सपर्ट नियुक्त किये जाने का अधिकार दिया है। जिसमें अनुभवी तकनीकी एक्सपर्ट रखा जाना था जिससे की कार्यो में गुणवत्ता बनी रहे। लेकिन निजी स्वार्थ के चलते लोक निर्माण विभाग ने अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर से हाथ मिलाया जिसके पास तकनीकी का कोई अनुभव ही नही है। इस बात का खुलासा हुए एक माह गुजर गया आश्चर्य की बात है कि लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र ने उस पर फर्जी दस्तावेज संलग्न किये जाने पर ठगी का अपराध दर्ज करवाने के बजाय काम पर काम दिये जा रहे हैं।

**तीन सदस्यी टीम ने की थी जांच,**

शिकायतकर्ता की शिकायत पत्र पर अमल करते हुए विभाग ने अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब में लगे आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यी टीम का गठन किया था। जिसमें जांच के दौरान निकल कर सामने आया कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैबोरिटी रामपुर बघेलान जिला सतना द्वारा एसक्यूसी इम्पैनल प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से कार्यालय प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यात्रिंकी सेवा भोपाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी न्यू रामनगर जिला सतना का अनुभव प्रमाण पत्र एंव प्रिया कापरी एंड एसोसियेट भरहुत नगर सतना चार्टड एकाउंटेट द्वारा यूडीआईएन से जारी टर्न ओवर सर्टीफिकेट वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक संलग्र किया गया है। जिसकी तहकीकात किये जाने पर जानकारी निकल कर सामने आई कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब द्वारा बिल्डिंग मेन्टेनेंस के एसक्यूसी के रूप में इम्पैनल प्राप्त करने के लिए कूट रचित अभिलेख विभाग में प्रस्तुत किया जाकर इम्पैनल प्राप्त किया गया है। साथ ही तीन सदस्यी टीम ने 8 दिसबंर 2023 को अपने पत्र क्रमांक 888/23 में इस बात का उल्लेख किया है कि कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने के आरोप में अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर पर कार्यवाही की जाये।

# तेज ध्वनि वाले साइलेंसरों पर चला रोड-रोलर

### यातायात पुलिस ने 120 मॉडिफाइड साइलेंसरों का किया नष्टीकरण

**रीवा।** बुलेट मोटर बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल करने वालों पर रीवा की यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। यातायात थाना के सामने तेज आवाज वाले 120 मॉडिफाइड साइलेंसरों पर पुलिस ने रोड रोलर चलवा दिया। ये ऐसे साइलेसर हैं, जिनमें पटाखा फूटने और गोली चलने या फिर तेज कर्कश आवाजें आती थीं। बुधवार को यातायात पुलिस ने ऐसे ही साइलेंसरों का नष्टीकरण किया है। यातायात उप पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि बाइक चालक खासकर कि युवा वर्ग में कंपनी द्वारा दिए गए साइलेंसरों को हटाकर तेज कर्कश वाले साइलेंसर बाइक में लगाए जाते हैं। ऐसे साइलेंसर लगवाना पूरी तरह से गैरकानूनी है। इनमें से निकलने वाली आवाज काफी तेज और भयावह होती है, जो आम आदमी और राहगीरों को परेशान करती है। पर कुछ लोग ऐसा करके कानून का उल्लंघन करते हैं, जो उदण्डता की श्रेणी में आता है। जिस कारण ऐसी गाड़ियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत साइलेंसर की ज़ब्ती की कार्यवाही की गई थी जिन्हें आज नष्ट किया गया है। गाड़ियों में इस प्रकार के साइलेंसर लगवाने वाले लोगों के विरुद्ध आगे भी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### मॉडिफाइड साइलेंसरों को बेचने वालों दुकानदारों पर भी होगी कार्रवाई

यातायात उप पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि उन दुकानदारों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है, जो ऐसे साइलेंसरों की बिक्री कर रहें हैं। आज 120 साइलेंसरों का रोड-रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया है। ताकि अन्य लोगों तक भी एक कड़ा संदेश पहुंचे। इसके पहले भी ऐसी कार्यवाही की जा चुकी है।



# नव वर्ष पर सतगुरु के आशीष प्राप्त करने उमड़े श्रद्धालु भक्त

## प्रेम मानने का सौदा है न की मनवाने का -निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी

रीवा !

"प्रेम मानने का विषय है मनवाने का नहीं, जब हमें यह अहसास हो जाता है तो हम हर प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर भक्ति मार्ग पर अग्रसर हो पाते हैं "यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर बुराड़ी के ग्राउंड नम्बर 8 में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। वर्ष 2024 के शुभारम्भ पर आयोजित इस सत्संग का लाभ प्राप्त करने हेतु दिल्ली एवं एन. सी. आर. सहित अन्य स्थानों से भी हजारों की संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए और सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं पावन प्रवचनों से स्वयं को अभिभूत किया।

इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने साध संगत को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि निरंकार पर हमारी आस्था और श्रद्धा हमारे निजी आध्यात्मिक अनुभव पर आधारित होनी चाहिए, न कि मात्र किसी अन्य के कहने से प्रेरित होकर। सतगुरु द्वारा प्राप्त ब्रह्मज्ञान की दृष्टि से परमात्मा का अंग संग दर्शन करते हुए भक्ति करना ही उत्तम है। सतगुरु सभी को समान रूप से ब्रह्मज्ञान प्रदान कर जीवन मुक्त होने का मार्ग सुलभ करवा रहे हैं और हमें अपने अनुभव, अपनी सच्ची लग्न से ही इसकी प्राप्ति हो सकती है। सतगुरु माता जी ने नव वर्ष के अवसर पर अपना पावन आशीर्वाद देते हुए समझाया कि अक्सर हम अपने व्यवहारिक जीवन के सीमित दायरे में संकीर्ण और भेदभाव पूर्ण व्यवहार को अपनाते है। इस प्रभाव से ऊपर उठकर तभी जीवन जीया जा सकता है जब हम ब्रह्मज्ञान को आधार बनाकर सब में एक परमात्मा का रूप देखें। हमें अपनी सोच को विशाल करते हुए केवल प्रेम के भाव से ही जीवन को जीना है; तब ही तंगदिली का भाव मन से समाप्त हो पायेगा।

प्रेम के भाव का ज़क्रि करते हुए अपने प्रवचनो में सतगुरु माता जी ने कहा कि जब हम इस विशाल परमात्मा से जुड़ जाते है तो फिर कोई बंधन शेष नहीं रहता। इस बेरंगे के रंग से जुड़ने पर भक्ति का ऐसा पक्का रंग हम पर चढ़ जाता है कि हमारी भक्ति ओर सुदृढ़ होती चली जाती है, किन्तु भ्रांति वश हम इस सत्य को भूलकर केवल अपनी ही विचारधारा से दूसरों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं । वास्तविकता तो यही है कि प्रेम मानने का विषय है, मनवाने का नहीं। हमें ब्रह्मज्ञान रूपी चेतनता से ही हर कार्य करना है। सबके लिए मन में प्रेम के भाव को लेते हुए भक्ति भरा जीवन जीना है। अंत में सतगुरु माता जी ने नव वर्ष के अवसर पर सभी के लिए मंगल कामना करते हुए यही आशीर्वाद दिया कि इस नये वर्ष में भी हम सभी का जीवन सेवा, सुमिरण और सत्संग से सजा रहे। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर सतगुरु के यह अनमोल वचन वास्तविकता में समस्त मानवता के लिए निसंदेह एक वरदान है।



# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए निर्देश

### समीक्षा बैठक में संभाग की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करें - कमिश्नर

रीवा !




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव कालेज चौराहे से लेकर सांई मंदिर तक आयोजित आभार यात्रा में आमजनता से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री एनसीसी मैदान टीआरएस कालेज में आयोजित आमसभा में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करने के बाद आमजनों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि समीक्षा बैठक में रीवा संभाग की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें सड़क, सिंचाई, कृषि, शिक्षा तथा अन्य विभागों की प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। सभी अधिकारी समीक्षा बैठक में संभाग में एक दशक में हुई प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने कहा कि समीक्षा बैठक में सांसदगण, मंत्रीगण तथा विधायकगण भी शामिल होंगे। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर सांसद तथा विधायकगणों को उचित माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। बैठक के लिए तैयार की गई सभी जानकारियाँ तथा उपलब्धियों को कलेक्टर आज ही अद्यतन करा दें। इस जानकारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की उपलब्धियों को भी अनिवार्य रूप से शामिल करें। बैठक में संबंधित जिले के कलेक्टर और संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जिलों में प्रशासनिक गतिविधियों में यदि कोई नवाचार किया गया है तो उसे भी कलेक्टर बैठक की जानकारी में शामिल कराएं। बैठक की जानकारी में रीवा के साथ मऊगंज तथा सतना के साथ मैहर जिले की जानकारी प्रस्तुत करें। सभ्ज्ञी कलेक्टर पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में कानून और व्यवस्था की स्थिति, बिजली की आपूर्ति, खाद की उपलब्धता तथा वितरण, धान उपार्जन, जलजीवन मिशन तथा बाणसागर परियोजना से स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के लंबित कार्यों, सीधी-सिंगरौली निर्माणाधीन हाईवे तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में आएं। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मऊगंज जिले में निराश्रित गौवंश को आश्रय देने के लिए गौ सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आमजनता से निराश्रित कम से कम एक गौवंश को अपने घर में रखकर उसकी सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मऊगंज जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के पर्यटन स्थल के रूप में विकास के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है। कमिश्नर कार्यालय से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, संयुक्त आयुक्त निलेश परीख बैठक में शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# विधायक ने संकल्प यात्रा में हितलाभ और प्रमाण-पत्र वितरण किया



### संकल्प यात्रा जन-जन तक पहुंच रही है शासन की योजनाओं के लाभ प्रदीप पटेल

मऊगंज।

जिले भर में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है इस यात्रा के तहत लगाए गए शिविरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी आम जनों को दी जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा हनुमना जनपद पंचायत के ग्राम कोलहा में आयोजित की गई। इस शिविर का शुभारंभ विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने किया इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि हमारी सरकार क्षेत्र के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्र वासियों को मऊगंज जिले के रूप में सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से विकास योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। सभी अधिकारी शिविर में आए हितग्राहियों को पात्रता का परीक्षण कर योजनाओं का लाभ दें। विधायक पटेल हितग्राहियों को हितलाभ तथा प्रमाण-पत्र का वितरण किये।

### कलेक्टर ने तीन अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा । कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित की गई समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण न करने पर नोटिस दिया गया है। अधिकारियों को तीन दिवस की समय सीमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा का पालन न करने तथा उत्तर संतोषजनक न होने पर मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल को समय सीमा में जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न करने पर नोटिस दिया है। इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना अजय सिंह को भी निर्धारित समय सीमा में मृत्यु प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र जारी न करने पर नोटिस दिया गया है। थाना प्रभारी मनगवां अनूप उइके को आवेदक को मर्ग इंटिमेशन की छायाप्रति समय सीमा में न देने पर नोटिस दिया गया है।

# कड़ाके की सर्दी में नहीं जल रहे अलाव, ठंड से लोग परेशान, नगर प्रशासन मौन



**मऊगंज** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से गरीबों, असहायों और यात्रियों के लिए फजीहत बढ़ गई है। लेकिन, इससे बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नगर प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि सूत्रों की माने तो अलाव के संबंध में शासन पहले ही नगर निकायों को पत्र जारी कर चुका है कि लोगों को ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन मऊगंज, हनुमना,नईगढ़ी मे नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई है।बाजार, ब्लाक चौराहा, हॉस्पिटल परिसर, सहित सब्जी मंडी बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। दिसंबर माह आखिरी चल रहा है। लेकिन नगर का जिम्मेदार अमला, निकाय प्रशासन मौन है। तों वही नगर में शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित हुई है इस कड़ाके की सर्दी में लोग आग को सहारा बनाना शुरु कर दिया है। इस कड़ाके की सर्दी में नगर निकाय अभी भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीणों सहित मुसाफिरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पड़ रही कड़ाके की सर्दी से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखे। ग्रामीण क्षेत्र से बाजार सहित आवश्यक कार्य के लिए आए ग्रामीणों को चाय-पान की दुकानों पर भट्टियों का सराहा लेते दिख रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने ठंड को देखते हुए तत्काल बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग की है।